तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

12 मुख्यमंत्री और राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत हुईं छात्रा प्रीति कमार

12 गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

खबर संक्षेप

खाद्य आयोग अध्यक्ष आज मैनपुर- गोहरापदर आएंगे

मैनपुर। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा संदीप शर्मा 29 जनवरी को मैनपुर गोहरापदर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सुबह 10 बजे मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1:20 बजे पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के निवास में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने दी है।

मैनपुर में आज से होगी श्री शिव महापुराण कथा

मैनपुर। नगर में नर्मदेश्वर सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा 29 जनवरी से 4 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन बिजली ऑफिस के पास मैदान में किया जाएगा। श्री शिव महापुराण कथा का वाचन कथाव्यास पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। श्री शिव महापुराण कथा को लेकर व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही हैं।

धान बिक्री में लोचा कल किसानों का चक्काजाम

छुरा। किसान कांग्रेस के तत्वावधान में 30 जनवरी को किसानों को धान बेचने, टोकन नहीं कटने सहित हो रही समस्याओं को लेकर 1 घंटा चक्काजाम किया जाएगा। किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री रमेश शर्मा ने की है।

वी बी जी राम जी से मनरेगा में आएगा बड़ा सुधार, सशक्त होंगे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम नहरगांव में भाजपा गरियाबंद द्वारा मंगलवार को वीबी जी राम जी विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से संभाग सहप्रभारी राजीव सिंह, गरियाबंद भाजपा जिला संगठन प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री द्वय डॉ. आशीष शर्मा, चंदशेखर साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर शामिल हुए।

कार्यक्रम को संभाग सहप्रभारी राजीव सिंह जी ने

श्रमिक 125 दिन की रोजगार गारंटी से बनेंगे स्वावलंबी

ये रहे शामिल

इस सम्मेलन मे प्रमुख रूप से आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, गुरू नारायण तिवारी, प्रीतम सिन्हा, ईश्वर साहू, पदुलोचन जगत सुरेंद्र केशरी ध्रुव, लालिमा, पारस ठाकूर सोनटेके,शोभचन्द पात्र, हलमन ध्रुवा बलदेव सिंह हुंदल,रिखीराम यादव, राधेश्याम सोनवानी, सागर मायनी, धनराज विश्वकर्मा सुमित पारख, भगबोनो बेहरा जगमोहन पटेल सन्तोष यादव ,खोमन चन्द्राकर,सन्दीप पाण्डे,आशिफ मेमन ,सोहन ध्रुव, लेखराम साहू, सियाराम ध्रुव उत्तम रघुवंशी चेन सींग कश्यप टिंकू ठाकुर धनंजय नेताम बिंदु सिन्हा, मिलेश्वरी साहू पुष्पा साहू, रेणुका साहू, शीतला पाण्डे,शिवांगी चतुर्वेदी, सीता राम यदु ,अरविंद नाथ तिवारी दुयोध्न सोनवानी, दुष्यन्त पात्र, दुलारी साहू मधुवाला रात्रे,बबिता सेन,प्रियंका सोनी , सुनिता ध्रुव,सरोजनी रात्रे रिजवान मेमन खेम बघेल सूरज सोनी परुषोतम ध्रुव राजेन्द राजपूत, प्रतीक तिवारी,परमेश्वर सेन राज डे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अपने संबोधन में कहा कि 'वीबी जी राम जी' को लेकर कहा कि यह रिफॉर्म मनरेगा योजना की वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांवों को गरीबी मुक्त और आत्मनिर्भर बनाने के अपने संकल्प को मजबूती से पूरा कर रही है। कहा कि किसी भी अधिनियम की सफलता तभी संभव है जब उसे सही मंशा और पूरी जानकारी के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों और कानूनों की जानकारी लेकर गांव-गांव तक जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 'वीबी जी राम जी' योजना लाई, जिससे कांग्रेस पार्टी ▶▶| शेष पेज 10 पर

पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू ने भाजपा पर तीखे और आक्रामक हमले किए

नवापारा में पालिका के सामने कांग्रेस का जंगी धरना प्रदर्शन, जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्टी का जबर्दस्त धरना-प्रदर्शन नारेबाजी के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और महिलाएं मौजूद थी। धरना स्थल पर माहौल पूरी तरह से राजनीतिक जोश और आक्रोश से भरा रहा। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू ने भाजपा सरकार पर तीखे और आक्रामक शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा ईमानदारी और जनता की सेवा के बल पर चुनाव लड़ती है, जबकि भाजपा बेईमानी, छल और सत्ता के दुरुपयोग से जीत हासिल करती है। कहा कि इस सरकार को न जनता की समस्याओं की चिंता है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों की परवाह। सत्ता के नशे में चूर यह सरकार आम आदमी की आवाज दबाने का काम कर रही है। श्री साहू ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, लेकिन सरकार नींद में सोई हुई है। अपने भाषण में उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि हम तो भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि इस सरकार को सदबुद्धि दे, ताकि यह जनता के दुख-दर्द को समझ सके। धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन से जनसमस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस



नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता की मांगों की अनदेखी की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन धनेन्द्र साहू का आक्रामक तेवर पूरे कार्यक्रम का केंद्र बिंदु बना। उन्होने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर करारा प्रहार किया। कहा कि जिनके कंधों पर जनता के काम करने की जिम्मेदारी है, जब वही सत्ता में बैठकर जनता की बात सुनना बंद कर दें, तब उन्हें नींद से जगाने के लिए धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है। यह धरना जनता के हक और अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह मुंह मोड़ चुकी है, इसलिए कांग्रेस सड़कों पर उतरने को मजबूर हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी वादों को याद दिलाते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था अच्छे दिन आएंगे, हर व्यक्ति के खाते में पंद्रह लाख रुपये आएंगे, हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी और महंगाई कम होगी। लेकिन सच्चाई यह है कि आज न अच्छे दिन आए, न पंद्रह लाख मिले और न ही युवाओं को रोजगार। कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी से परेशान है, महंगाई आसमान छू रही है। सरकार सिर्फ जुमलेबाजी में व्यस्त है, हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सभी को संकट में डाल दिया है। जिस सरकार ने महंगाई कम करने का वादा किया था, उसी के कार्यकाल में पेट्रोल-डीजल, गैस और ▶▶| शेष पेज 10 पर

स्थानीय नेता भी जमकर गरजे

उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव,पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव,पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, रेखा तिवारी, दीपाली राजपूत,हेमंत साहनी,रामरतन निषाद, चतुर जगत सहित सभी स्थानीय नेताओं ने भाजपा सरकार के ऊपर जमकर हमला बोला और नगर पालिका में जल कर से लेकर 9 सूत्रीय समस्याओं को सामने रखते हुए तीखा हमला बोला। अंत में पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू सहित कांग्रेसजनो ने पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,मंडल कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद अजय साहू, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष अजय कोचर, राजा चांवला, अनुप खरे, रामकुमार शर्मा,शेखर बाफना, सौरभ सोनी, रघुबीर, पार्षद अर्जुन साहू, टिकेश्वर गिलहरे, फागू राम देवांगन, संचिन बंगानी,निर्माण यादव,मंगराज सोनकर, मुरली राजपूत, सुनील जैन, अहमद रिजवी, सुरेंद्र साहू, लोकिन साहू, रूखमणी साहू, विजय तारक, सुरेन्द्र साहू, वीरेंद्र राजपूत, प्रदीप साहू ,बल्लू देवांगन, राकेश सोनकर, राजा ठाकुर, महेश साहू, टीकम यादव , गौतम निषाद ,दल्लू यादव ,अहमद रजा, गोल्डी पारख,दाऊ राम साहू ,अशोक यादव ,विक्की साहू ,मानसिंह ध्रुव ,प्रतीक साहू ,भोला साहू ,समुंदर यादव ,लता कंसारी ,वीरू नागवानी ,बजरंगी कंसारी ,गुड्डू मिश्रा ,बल्लू साहू ,अतुल ठाकुर ,मुरली राजपूत ,चुम्मन साहू ,भागवत साहू ,ताराचंद साहू ,नीलकंठ साहू ,भारत गोस्वामी ,सुनील शर्मा ,निगम पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

मैनपुर- देवभोग मार्ग में ट्रक पेड़ से टकराया, फंसे चालक को पुलिस ने निकाला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर, देवभोग एवं गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग में इन दिनों सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गईं है। अभी धान परिवहन का कार्य चल रहा है, जिसके कारण ओवरलोड ट्रकों का भारी दबाव सड़क में बना हुआ है। तेज रफ्तार वाहन में आये दिनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बुधवार सुबह 7 बजे मैनपुर से 10 किमी दूर देवभोग मार्ग पर बाजाघाटी मोड़ में ट्रक दुर्घटना का शिकार हो गया। मैनपुर से देवभोग की तरफ जा रहा ट्रक पेड़ से टकरा गया। ट्रक के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गये और चालक फंस गया इसकी जानकारी मैनपुर पुलिस को दी गई। पुलिस जवानों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्रक के कुछ हिस्सों को काटकर फंसे हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

■ बाजाघाटी के पास हादसा

अस्पताल में कराया भर्ती

घायल चालक को इलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है, जहां भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। इस मार्ग में कल एक मेटाडोर देर शाम पलटने से किराना सामान भी खराब हो गया है।

कांग्रेस ने 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा

छुरा। ब्लाक किसान कांग्रेस छुरा की मीटिंग किसानों की सात 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित की गई। इस दौरान राज्यपाल के नाम से एसडीएम छुरा को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छ.ग.किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री रमेश शर्मा, ब्लाक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बुढ़ान सिंह ठाकुर, सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, चमन साहू,संतन सिंह ठाकुर,सुधेराम ठाकुर,पंचराम ठाकुर, रणजीत ठाकुर,बिशेषर सिंह दीवान, कुंदन निर्मलकर,पूर्व सरपंच सालिग राम ठाकुर, नेहरू राम साहू, रुप नारायण मांडले, ओमप्रकाश साहू आदि अनेक किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गौड़वाना महासम्मेलन में पहुंचे हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र के सुदुर वनांचल ग्राम गरीबा में सर्व आदिवासी समाज राजापडाव क्षेत्र द्वारा दो दिवसीय गोंडवाना महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिस में ओड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ से आदिवासी समाज के हजारों लोगों के द्वारा समाज के उत्थान को लेकर खान पान रहन सहन रीति नीति नियमावली सामाजिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए विचार मंथन कर लिखित सामाजिक नियमावली का वाचन किया गया। वर्षों बाद राजापड़ाव क्षेत्र में इस तरह का आयोजन देखने को मिला। प्राकृतिक रूप से स्थल का सजावट पेड़ पौधों जीव जंतुओं का याद दिला रहा था। 27 जनवरी को विहंगम कलश यात्र देव स्थापना और सगा समाज मुखियाओ के द्वारा संगोष्ठी का दौर चला तत्पश्चात द्वितीय दिवस 28 जनवरी दोपहर को अतिथियों का स्वागत होने लगा, जहां बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम,आदिवासी समाज अध्यक्ष सुनील मरकाम सहित सामाजिक मुखियाओ को मादरी नृत्य के धुन पर थिरकते बाजे गाजे के साथ स्वागत करते हुए सभा स्थल तक लाया गया। जहां अतिथियों के द्वारा देवीय ध्वजारोहण पूजा अर्चना पश्चात मंच पर पीले चावल का टीका महुआ फूल का हार एवं पीला पटका बांधकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि वर्षोंर् ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ कार्यक्रम स्थल पर मादरी नृत्य के धुन रही आकर्षण का केंद्र

श्री रामलला दर्शन के लिए गरियाबंद से 94 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन द्वारा लोगों को अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम में श्री रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। साथ ही काशी विश्वनाथ का भी भ्रमण कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज नगरपालिका अध्यक्ष रिखिराम यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल चन्द्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी ठाकुर सहित ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान अतिथियों ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी।

गरियाबंद जिले से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं ने राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम जी के दर्शन का अवसर मिलेगा, जिससे वे अत्यंत आनंदित हैं। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। निःशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नही बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।

■ जनप्रतिनिधियों ने दो श्रद्धालु बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राजिम में विधायक ने किया ध्वजारोहण, एनसीसी कैडेट्स परेड की ली सलामी

तिरंगा हमारी आन, बान और शान : विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर धर्मनगरी राजिम में देशभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी देकर क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक रोहित साहू ने नगर के हृदय स्थल पर छत्तीसगढ़ के गांधी कहे जाने वाले पंडित सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा के समीप बेरोजगार संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया और महापुरुषों के योगदान को याद किया। तत्पश्चात नगर पंचायत परिसर राजिम में

तिरंगा फहराया गया, जहाँ अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर सहित समस्त पार्षदगण,जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य केंद्र रहे पुराने मेला मैदान में विधायक ने नवयुवक मंडल और बेरोजगार संघ के संयुक्त तत्वावधान में गौरवपूर्ण ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुराने मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। यहाँ विधायक रोहित साहू ने राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम तथा सेजेस राजिम के एनसीसी कैडेट्स की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य परेड का निरीक्षण किया। कैडेट्स के सधे हुए कदमों और'जय हिंद के उदघोष के बीच विधायक ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि हमारा गणतंत्र हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध भी कराता है। आज का दिन उन वीर शहीदों और संविधान निर्माताओं को नमन करने का है, जिनकी बदौलत हम एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। आज का यह दिन उन महापुरुषों को नमन करने का दिन है, जिनके बदौलत भारत गणराज्य के रूप में अस्तित्व में आया। छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि आज का पर्व ध्वजारोहण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करना है। छत्तीसगढ़ की पावन धरा और यहाँ के मेहनती लोग देश की प्रगति में अपना ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 10 फरवरी को

गरियाबंद। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ 10 फरवरी को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तर पर नवीन राज्योत्सव स्थल, अटल नगर नवा रायपुर में भव्य समारोह आयोजित होगा। जहां बड़ी संख्या में लगभग 1 हजार 100 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। यह समारोह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि जिले में पूर्व में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह की तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई थी, किंतु राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार यह आयोजन भी प्रदेश के अन्य जिलों के साथ संयुक्त रूप से 10 फरवरी को किया जाएगा।

नगर के 50 पशुओं को डी वार्मिंग क्रिमी नाशक दवाई दी गई

मैनपुर। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम आमलीपदर क्षेत्र में हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन एवं पशुधन विकास विभाग मैनपुर द्वारा पशु संरक्षण हेतु अभियान चलाए गए क्षेत्र में पशुओं में लगातार हो रहे क्रीमी की शिकायत से पशु काफी कमजोर और कुपोषण का शिकार हो रहे हैं, जिनसे उनकी त्वचा में कई प्रकार के घाव इंफेक्शन भी हो रहे हैं। इस समस्या से सबसे अधिक लावारिस कुत्ते ज्यादा प्रभावित नजर आ रहे हैं। इसके चलते कुत्तों के नवजात बच्चों की मौत हो जा रही है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन एवं पशुधन विकास विभाग मैंनपुर द्वारा 50 पशुओं का डी वार्मिंग क्रीमी नाशक दिया गया, 40(डिटिकिंग) दवाई का छिड़काव, 60 घायल छोटी अस्वस्थ पशुओं का इलाज किया गया।

मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर लगाई जन जोहार चौपाल

वीबी जी-राम-जी योजना से ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मिलेगी मजबूती : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने केंद्र सरकार के वीबी जी-राम-जी विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन योजना के प्रति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के आह्वान पर जन जोहार चौपाल के माध्यम से ग्राम- नवागांव ,लखना व कोलियारी में चल रहे मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर काम में लगे ग्रामीणों से बात करते हुए बताया कि वीबी जी-राम-जी योजना लाने का प्रमुख उद्देश्य, ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। साथ ही भविष्य में विश्व के लिए खतरा बनने वाली समस्याओं से निपटने में भारत को सक्षम बनाना है।

श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस द्वारा इस योजना को लोगों का रोजगार खत्म करने वाला बताकर देश की जनता को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। मनरेगा में लोगों को साल में 100 दिन रोजगार मिलता था, वहीं वीबी जी-राम-जी योजना में 125 दिन रोजगार मिलेगा, यानि 25 दिन अधिक काम मिलेगा। अब लोग खुद तय करें कि उनका रोजगार खत्म होगा कि रोजगार बढ़ेगा। 25 दिन अधिक रोजगार मिलने का सीधा मतलब है कि 25 दिन अधिक की मजदूरी मिलेगी, जो लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। श्री देवांगन ने बताया कि मनरेगा में केवल खुदाई और मिट्टी कार्य होता था, जबकि जी-राम-जी योजना में जल सुरक्षा कार्य, मुख्य ग्रामीण संरचना, आजीविका आधारित परिसंपत्तियां और जलवायु अनुकूल काम होंगे। ये चारों ही काम भविष्य में विश्व के समक्ष उत्पन्न होने वाले खतरों से भारत को निपटने में सक्षम बनाएंगे। इस योजना में ग्रामसभा और पंचायत से ही प्रस्तावित होंगे, जिससे पंचायत सशक्त बनेंगे। बताया कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने देशवासियों को केवल बंधुआ वोट बैंक के रूप में माना है, जिसके कारण उन्होंने कभी भी देशवासियों के आर्थिक सशक्तीकरण को महत्व न देकर उन्हें निर्धन ही बनाए रखा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों को अपना परिवार मानकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इससे कांग्रेस और विपक्षियों को अपना बंधुआ वोट बैंक खिसकता दिख रहा है, इसीलिए वे लोग देशवासियों के हित को नजरअंदाज कर स्वहित में इस महती योजना का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का काम देश और देशवासियों के हित में सरकार के गलत काम का विरोध करना है, लेकिन आज का विपक्ष केवल विरोध करने के लिए सरकार के हर काम का विरोध करते आ रहा है, फिर चाहे सरकार का काम देश और देशवासियों के हित में ही क्यों न हो। देवांगन ने लोगों से आव्हान किया कि कांग्रेस और विपक्षियों के दुष्प्रचार को अपनी समझदारी से दरकिनार कर खुद के हित को देखते हुए जी-राम-जी योजना का स्वागत करें ।

छुईहा बस स्टैंड में असामाजिक तत्वों की गुण्डागर्दी

छुईहा बेलर। ग्राम छुईहा बस स्टैंड पर इन दिनों असामाजिक तत्वों का जमावड़ा से महौल खराब हो रहा है। बढ़ती गुंडागर्दी की ओर थाना प्रभारी फिंगेश्वर को ध्यान आकर्षित किया गया। ऐसे ही वाक्या 20 जनवरी को रात 9 बजे स्थानीय निवासी बस स्टैंड चौक में खुलेआम अश्लील गाली गलौज कर रहा था। राहगीरों को जबरन लड़ाई झगड़ा कर रहा था। इनके साथ साथ और लड़के थे जौ महौल बिगाड़ रहे थे। बस स्टैंड में अपने मोटर साइकिल से हाई स्पीड में बार बार आकर खतरनाक स्टंट कर रहे थे। बस स्टैंड पास में रहने वाले एक सज्जन द्वारा मना करने पर हर परिस्थिति को चुनौती देने की बात कहते समझाने वाले को मारपीट की गई। जबकि बस स्टैंड से सटे घरो में अनेक परिवारजनों का निवास है साथ में महिला, युवती परिवार सदस्य भी रहती है। अश्लील गाली गलौज की गुंज घर में परिवार के बीच तक पहुंच रहे थे। इस लिहाज से कोई साहस करके गाली गलौज से मना करते हैं। इतना सुनते ही उल्टा समझाने वाले पर बरस गये। कह रहे हैं कि पुलिस, पत्रकार, नेता, गांव, समाज का सियान मेरा कुछ नहीं बिगाड़ा सकता। इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी गौतम गावड़े को दी गई। उन्होंने 212 में काल करने सलाह दी, उनके कहने पर 212 में डायल किया, पुलिस आई तो जरूर, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं।

- चौक में अश्लील गाली गलौज से मना करने पर मारपीट

वह युवक व्यक्ति सार्वजनिक नियमों, शांति और कानून-व्यवस्था को भंग कर रहे हैं। ऐसे असामाजिक तत्व पर पुलिस की सख्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार मांग कर रहे हैं। उनके चुनौती से चौक सहित गांव में दहशत है। इन गुण्डों पर अंकुश नहीं लगा तो धृत नशे के आदी ये कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इससे पन्द्रह दिन पहले उदय के बड़े भाई रेवती रमण का गुण्डागर्दी चौक में देखने को मिला।

राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की एक मिशाल - विधायक इंद्रकुमार

नवापारा-राजिम। चम्पारण में आयोजित फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवक समाज सेवा की एक मिशाल हैं, जो अनेक शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हैं। आत्म निर्भरता, जोखिम लेने की क्षमता, मेहनत के दम पर युवा असंभव को संभव बना सकता है। इनके मजबूत कंधों पर ही अनेक उम्मीदे टिकी हैं। हमें इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। उपसरपंच दुष्यंत साहू ने बताया कि ग्राम के लिए यह सौभाग्य की बात है कि अनेक विभागों से जुड़कर हमारे युवा ग्रामवासियों को रोजगारोन्मुखी कार्यों के लिए प्रेरित कर रहें है। नशामुक्त समाज के लिए युवाओं ने जागरुकता अभियान जन-जन तक पहुंचाने का अथक प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने की। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी ,सरपंच अनिल साहनी ,उप-प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, पुरूषोंतम साहू मौजूद थे। बताया गया कि सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी दिपेश सेन, चित्ररेखा साहू, श्रेष्ठ कलाकार प्रेम साहू, चांदनी यादव एवं श्रेष्ठ परियोजना के लिये तुषार यादव, माधुरी देवांगन तथा सांत्वना पुरस्कार 7 स्वयंसेवकों व नवीन प्रोत्साहन 10 छात्र-छात्राओं को दिया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर के रजक व डॉ. श्यामा साडिल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

- चम्पारण में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण

छुईया में आजीविका सेवा केंद्र का शुभारंभ

छुईहा बेलर। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्राम छुईया में आजीविका सेवा केंद्र का उद्घाटन बुधवार को किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, खंड परियोजना प्रबंधक नीरज सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय समन्वयक तेजस्वी सिन्हा, इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर एंकर खिलेश कुमार साहू, प्रोजेक्ट रिसोर्स पर्सन बबीता साहू, सीनियर सी आर पी मिथलेश साहू सीनियर सी आर पी अनिता साहू, क्लस्टर अध्यक्ष संगीता साहू की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर खंड परियोजना प्रबंधक नीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि यह आजीविका सेवा केंद्र की महिला किसानों को स्वरोज़गार, कृषि सेवाओं, प्रशिक्षण तथा विविध आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुझे खुशी है यह छुईहा जैसे सेंटर गांव में खुला है, जहां सुविधा सरलता से उपलब्ध होगी। इन केंद्रों के माध्यम से मुर्गी पालन हेतु हैचिंग यूनिट, दलहन उत्पादन की प्रोसेसिंग यूनिट तथा सब्जी उत्पादन के लिए उन्नत बीज नर्सरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही पशु सखियों के माध्यम से पशुओं का टीकाकरण, कृषि सखियों द्वारा कृषि संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा।

ग्राम पंचायत सरपंच विद्या देवी सिन्हा ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा तथा इससे गांव के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी। पंचायत यथासंभव सहयोग करती रहेगी। वहीं क्लस्टर पदाधिकारि में संगीता साहू द्वारा केंद्र की कार्ययोजना एवं इसके अंतर्गत संचालित होने वाली प्रमुख गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी गई।महिला किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।

जिसमें क्लस्टर की अध्यक्ष संगीता साहू, सचिव नंदनी साहू, कोषाध्यक्ष छमिया साहू, लेखापाल राधा बंजारे , उर्वशी सिन्हा,लिखेश्वरी सिन्हा अरुणा मिंज मैडम, ज्योति भूषण तिवारी, नरेश यादव, लोमश साहू, जयप्रकाश सागर ,समूह की महिला किसान दीदियाँ, ग्रामवासी, आजीविका मिशन से जुड़े प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आईएसबीएम विवि में कल सजेगी नवाचार प्रदर्शनी-2026 का मंच

छुरा। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), आईएसबीएम विश्वविद्यालय, गरियाबंद के तत्वावधान में 30 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में नवाचार प्रदर्शनी कार्यक्रम–2026 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन गरियाबंद जिले का पहला एवं विशिष्ट नवाचार मंच होगा, जिसमें विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक, रचनात्मक एवं नवाचारी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयी विद्यार्थियों में नवाचार की भावना विकसित करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना तथा समस्याधारित एवं प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना है। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही अनुसंधान, नवाचार एवं आत्मनिर्भरता आधारित शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत 20 से अधिक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के चयनित छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। विद्यार्थी अपने द्वारा तैयार किए गए चलित मॉडल, वैज्ञानिक पोस्टर, प्रोटोटाइप एवं नवाचारी परियोजनाओं का प्रदर्शन करेंगे, जो समाज से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के व्यावहारिक एवं रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उनकी उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा वे छात्रों को नवाचार, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक सोच की दिशा में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।इस अवसर पर इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. एन. कुमार स्वामी ने बताया कि, नवाचार प्रदर्शनी कार्यक्रम–2026 का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों में नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच की मजबूत नींव रखना है। ऐसे मंच विद्यार्थियों को भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

- जुटेंगे 20 से अधिक विद्यालयों के नवाचारी विद्यार्थी

कांग्रेस ब्लाक व मंडल अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ

अभनपुर दिनांक 28.01.26- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर ग्रामीण अंतर्गत अभनपुर ब्लॉक के नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं मंडल कांग्रेस कमेटी अभनपुर के पदभार ग्रहण समारोह सद्भावना कुटी अभनपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण पप्पू राजेंद्र बंजारे एवं विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

- कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू और ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे शामिल हुए

इस अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी मिलने की बधाई देते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा से ही संगठन और पार्टी मजबूत होगी आप सभी एकजुट होकर गांव-गांव में जाकर जनता की समस्याएं सुने और कांग्रेस की नीतियों को बताएं। जनता की आवाज को और अधिक जगाना है और आनेवाले समय में फिर से कांग्रेस की सरकार लाना है, एकता में ही ताकत है, मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने अपने उद्बोधन में वर्तमान बीजेपी सरकार के नाकामियों को बताते हुए कहा कि इस सरकार से कोई भी वर्ग खुश नहीं है अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। इस मौके पर अतिथियों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर विद्याभूषण सोनवानी एवं मंडल अध्यक्ष गण डोमेंद्र साहू, दिनेश राव अम्बिलकर, राजेश कुमार साहू, ईंदराम पांडेल, मोहन लाल साहू, सेवक राम पटेल एवं बालमुकुंद सोनकर को शपथ दिलाकर नारियल व गमछा भेंट कर उनका सम्मान किया गया साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारियों सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का सम्मान किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण साहू, यशवंत साहू, लोकमणि कोशले, उत्रसेन गहरवारे, बलविंदर गांधी, श्रीमती नीमा निंबेकर, श्रीमती सारिका साहू, श्रीमती रोशनी टंडन, श्रीमती धनेश्वरी टंडन, सुनील कौशल, सुशील शर्मा, चंद्रहास साहू, विमल साहू, तुलेश साहू , जनपद सदस्य गण, पार्षद गण, पंच सरपंच गण सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष

वी बी जी राम जी से...

के जितने सदस्यगण हैं, उनके पेट में दर्द हो रहा है। कहा कि आखिर इन्हें रामजी से इतनी दिक्कत क्या है, जब भूमिपूजन किया तब दिक्कत हुई, श्रीराममंदिर और प्राणप्रतिष्ठा का काम हुआ तब उन्हें दिक्कत हुई। अब मनरेगा की जगह 'वीबी जी राम जी' ले आए तो भी उन्हें दिक्कत हो रही है। आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है कि महात्मा गांधी का नाम हटाकर इस योजना को लाया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता है और हमेशा रहेंगे।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी ने बताया कि 'वीबी जी राम जी' अधिनियम के तहत सरकार ग्रामीण परिवारों को 125 दिन की रोजगार गारंटी देने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे मजदूरों को नियमित रोजगार मिलेगा और गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कार्यशाला को पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने 'वीबी जी राम जी' को लेकर स्पष्ट किया है कि प्राथमिकताओं में विकास कार्यों की गुणवत्ता, शासन की योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन और आम जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना सर्वोपरि है।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' को केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी उपलब्धि बताया। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना, पलायन को रोकना और प्रत्येक परिवार को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना है।

नवापारा में पालिका के...

रोजमर्रा की जरूरतों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी और जनता की आवाज नहीं सुनी, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह और आक्रोश देखने को मिला, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कहा कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि सोना-चांदी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महंगाई इस कदर बढ़ चुकी है, तो गरीब और मध्यम वर्ग अपनी बेटियों की शादी कैसे करेगा? उन्होंने कहा कि देश पर करीब 212 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, लेकिन मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल में यही कर्ज बढ़कर 930 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसे भाजपा सरकार की नाकाम आर्थिक नीतियों का परिणाम बताते हुए कहा कि देश कर्ज में डूबता जा रहा है और जनता महंगाई से कराह रही है। उन्होने वोट चोरी की बात भी कही। नवापारा के कुछेक मुहल्लो में मतदाता सूची से जीवित लोगो के नाम काटने का उदाहरण भी पेश किया। कहा कि चुनाव आता है तो भाजपा विकास की बात नही करती हिंदु-मुश्लिम की बात की जाती है। हिंदुओ के ध्वजवाहक शंकराचार्य महाराज को इन्होने पालकी सहित नही जाने दिया।

गौड़वाना महासम्मेलन...

बाद राजापड़ाव क्षेत्र में सामाजिक व्यवस्था को परिपक्व बनाने के लिए महासम्मेलन किया गया है। जिनके लिए हृदय से बधाई वास्तव में गोंडवाना समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है। खेती–बाड़ी के साथ–साथ नशा पान से दूर रहकर व्यवसाय में भी अग्रसर रहने की नितांत आवश्यक है। क्षेत्र के समस्याओं को प्रमुखता के साथ विधानसभा पटल में रखकर बराबर सहभागिता निभाने की बात कही गई। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि हमारे क्षेत्र के पुरखों ने हक अधिकार को लेकर जो सीख हमें सिखाया गया है। उन्हीं के अनुरूप हमारे सगा समाज मुखियाओ के द्वारा अनवरत कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील मरकाम,जनपद सदस्य रमूला बाई मरकाम, फूलचंद मरकाम, सामाजिक मुखिया दशरथ नेताम, प्रताप नेताम,बुधलाल नेताम रामचंद परदे,भानू राम नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव,वरिष्ठ कांग्रेसी भुवनेश्वर नेगी, तिलक राम मरकाम,गौकरण धुर्वा,महेश मरकाम, डोमार साहू, गोपनाथ मरकाम सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

तिरंगा हमारी आन, बान...

महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आइए आज हम इस तिरंगे के नीचे संकल्प लें कि हम अपने क्षेत्र और राष्ट्र की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विधायक एवं अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,भावेश ठाकुर, धर्मेंद्र शर्मा, लिलेश्वर यदु, गजाधर सिंह ठाकुर, संजय ठाकुर, धीरेंद्र शर्मा, श्रेयांश शर्मा, सुनील यादव, हेमंत साहू, लिनेश तिवारी,संतोष शर्मा,बाबा ठाकुर, अजय पटेल,योगेश साहू, जितेंद्र सोनी, राजेंद्र गुप्ता,पवन सोनी,दीपेश साहू,जय शर्मा, सुजल निषाद, आयुष शर्मा, दिव्यांश शर्मा, संजय साहू,यानेंद्र सिन्हा, सागर निषाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस प्रशासन के अधिकारी और भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

क्षेत्र के ग्रामों में बिजली पहुंचाने किया जाएगा प्रयास, कई विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतिम गांव गरीबा पहुंचे विधायक जनक

मैनपुर। विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित ओडिशा सीमा से लगे ग्रामों तक बुधवार को बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। और आदिवासी समाजिक कार्यक्रम में शामिल भी हुए। अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के चलते विधायक के दौरे के कारण छत्तीसगढ़ ओड़िशा सीमा में सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए थे। विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार ग्राम गरीबा तक पहुंचने के बाद जगह –जगह उनका गाजेबाजे,फूलमालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कई गांवों में निर्माण कार्यो के लिए विधायक जनक ध्रुव ने भूमिपूजन किया। साथ ही कई विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए देने की घोषणा भी की। क्षेत्रवासियो की प्रमुख मांग बिजली लगाने पर विधायक जनक ध्रुव ने कहा हर हाल में इस क्षेत्र के सभी ग्रामों तक बिजली पहुंचाई जाएगी। इसके लिए आगामी बजट सत्र विधानसभा में प्रमुखता के साथ मांग को सदन मे रखा जाएगा। विधायक जनक ध्रुव ने कहा क्षेत्र की जनता उन्हें जिस उम्मीद के साथ विधायक बनाया है,उस क्षेत्र के गांव –गांव तक बिजली पहुंचाना और मूलभूत समस्याओं के समाधान करने के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा।

विधायक के काफिले के साथ मोटर साइकिल रैली निकाल जोरदार स्वागत : बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव आज पहली बार जब राजापड़ाव भुतबेड़ा क्षेत्र के अंतिम ओड़िशा सीमा क्षेत्र से लगे ग्राम गरीबा तक पहुंचे तो भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। क्षेत्र के ग्रामीणों और सैकड़ों युवकों ने मोटर साइकिल रैली निकालकर विधायक जनक ध्रुव का ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने जरहीडीह में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की पूजा अर्चना किया। ग्राम पंचायत शोभा कुशियारबरछा में लाखों रुपए की सीसी रोड, ग्राम पंचायत कुचेंगा में देवगुड़ी का भूमिपूजन किया। गोड़वाना महासभा कार्यक्रम में 10 लाख रुपए भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

विधानसभा में प्रमुखता से मांग उठाई जाएगी बिजली की मांग : बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा आज पहली बार ओड़िशा सीमा अंतिम छोर तक के गांवों में आने का अवसर मिला है। उनके द्वारा लगातार इस क्षेत्र के दौरे में आने के लिए अनुमति मांगी जा रही थी। श्री ध्रुव ने बताया राजापड़ाव गौरगांव, भुतबेड़ा, कुचेंगा, गरीबा क्षेत्र के ग्रामों में बिजली प्रमुख मांग है। यहां के ग्रामीण बिजली लगाने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन धरना प्रदर्शन चक्काजाम किए हैं। आज ग्रामीणों ने इस मांग को फिर प्रमुखता से रखा है। विधायक ने कहा आगामी बजट सत्र में इस क्षेत्र में बिजली लगाने की मांग को प्रमुखता के साथ विधानसभा में उठाया जाएगा। श्री ध्रुव ने कहा इस क्षेत्र में बिजली, स्वास्थ्य सुविधा और सड़क, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीण लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन इस ओर राज्य और केन्द्र की भाजपा सरकार को कोई लेना देना नहीं है।

श्यामनगर में गणतंत्र दिवस पर हुआ सामूहिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम श्यामनगर में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम के विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके पश्चात सभी ग्रामवासी एकत्र होकर शीतला प्रांगण में मुख्य समारोह में शामिल हुए। इस वर्ष पहली बार ग्राम के सभी वर्गों की संयुक्त सहभागिता से सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। ग्राम पंचायत भवन में उप सरपंच वामन निर्मलकर, अमृत सरोवर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, बस स्टैंड परिसर में व्यापारी संघ अध्यक्ष कीर्तन साहू, बिहान क्लस्टर भवन में क्लस्टर अध्यक्ष श्रीमती चमेली साहू तथा प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक श्रीमती कनक लता साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत शीतला प्रांगण में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक मुन्नालाल देवदास रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला संघ चालक प्रेमलाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, उप सरपंच वामन निर्मलकर, व्यापारी संघ अध्यक्ष कीर्तन साहू, ग्राम विकास समिति सचिव सागर साहू, जरई श्याम सुंदर समिति अध्यक्ष सखाराम साहू, पूर्व उप सरपंच प्रकाश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष मदन साहू, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती श्वेता खरे एवं सेवाराम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम से आए सात दिवसीय एनएसएस शिविर के स्वयंसेवकों एवं स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा प्रांगण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। मुख्य अतिथि मुन्नालाल देवदास ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाता है। युवाओं को शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। जिला संघ चालक प्रेमलाल साहू ने कहा कि देश का भविष्य बच्चों और युवाओं के हाथ में है, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं युवा नेता डायमंड साहू ने गांव में युवाओं द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर ग्राम श्यामनगर के लिए यह दिन विशेष गौरव का क्षण रहा। वर्ष 2018 से प्रतिदिन सुबह ऑडियो सिस्टम के माध्यम से राष्ट्रगान प्रसारण की परंपरा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य अतिथि श्री मुन्नालाल देवदास के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम श्यामनगर के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया, जिससे समस्त ग्रामवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर कृशलाल साहू,मनोज साहू,कोमल साहू,प्रमोद साहू,नेहरू साहू, राघवेंद्र यदु, तिहारूराम साहू, जीवन साहू, नोहर साहू, भुवनेश्वर निर्मलकर, सचिव सुरेंद्र साहू, घनश्याम साहू,दुर्गा भारतद्वाज,कौशिल्या साहू, पीआरपी हीरा गायकवाड़, हरीश साहू, जयंत निर्मलकर, दीपक साहू, गौतम पटेल, हरिशंकर निषाद,पवन साहू,ज्ञानचंद साहू, चुम्मन साहू, दीपक वर्मा, बिहान क्लस्टर अध्यक्ष बुद्धि साहू, टामेश्वरी साहू,तारणी बंजारे,अपूर्व साहू,विपिन,संजू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

एक शाम शहीदों के नाम, देशभक्ति गीतों में झूमे हजारों लोग

मैनपुर। व्यवसायी संघ और विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हाईस्कूल मैदान देवभोग में एक शाम शहीदों के नाम भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। राजधानी से पहुंची चिन्हांरी के महिला संगीत कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। आयोजन की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीओपी लितेश कुजूर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, देवभोग नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी मंचस्थ रहे। क्षेत्र के वीर शहीद सूर्य प्रकाश सोनवानी, भीष्म कुमार यदु, भोजसिंह टाडिल्य के शौर्य गाथा और परिवार के सम्मान के साथ संगीत संध्या का आगाज हुआ।

सरस्वती मंदिर के छात्रों द्वारा ओप्रीशन सिंदूर पर आधारित देश भक्ति के आयोजन से मंचीय आयोजन की शुरुवात हुई। पहली बार होने जा रहे इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने हाई स्कूल मैदान में 5 हजार भीड़ जुटी। आयोजन को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि यह आयोजन इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। क्षेत्र में मौजूद छुपी प्रतिभा और सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी योगदान देने वाले महान हस्तियों को समाज के सामने प्रेरक उदाहरण के रूप रखने का माध्यम बना है। आयोजन में भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मुरलीधर सिन्हा,कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायन तिवारी,स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अलावा भाजपा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

शिक्षा एवं सार्वजनिक हित में भूमि दान करने वाले को मिला सम्मान देवभोग के सबसे पहले हाई स्कूल के लिए 5 एकड़ से भी ज्यादा भूमि दान करने वाले स्वर्गीय ठाकुर लैबानो सिंह के सुपुत्र मदन सिंह ठाकुर,महाविद्यालय मार्ग के लिए भूमिदान करने वाले स्वर्गीय राजेश पाण्डेय के सुपुत्र अभिषेक आशीष पांडेय,पानी टंकी एवं संशिम के लिए भूमि देने वाले स्वर्गीय राजेश अग्रवाल के सुपुत्र आशीष अग्रवाल एवं जल संकट दूर करने गांव में स्थानिक तालाब के लिए न केवल जमीन दान बल्कि तालाब खुदवा कर देने वाले सुधीर भाई पटेल को देवभोग गौरव सम्मान से नवाजा गया।

मंच से निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया : मंच में मौजूद उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सभा मौजूद हजारों की भीड़ को सड़क सुरक्षा के लिए तय मापदंड और सावधानियों के बारे में बताया।सड़क हादसे में घायल लोगों को बचाने के पुण्य काम के लिए प्रेरित कर वाहन चालकों को हेलमेंट भेंट किया।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक में फहराया ध्वज

नवापारा-राजिम। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक में सर्व अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर मायाराम साहू ,पार्षद रेखा बंजारी ,सतीश बंजारी ,हेमू यादव ,गोवर्धन गाड़ा ,ईश्वर जांगड़े ,गौरंग गाड़ा ,प्रहलाद लोहानी ,नारायण गरुड़ ,लोचन लोहानी ,रमन गाड़ा ,लक्ष्मण गाड़ा ,नटवर बघेल ,राजेश गरुड़ ,शत्रुघ्न टंडन ,राजेंद्र कुर्रे ,रिंकू गाड़ा ,घनश्याम टांडे ,उत्तम महामंडल ,भोलाराम नौरंगी ,आनंद बघेल ,सुचित्रा वेदानी ,सुदामा बघेल ,धनीराम सोनवानी ,नीलकमल बोये उपस्थित थे।

गरिमामय समारोह में शान से लहराया तिरंगा

नवापारा-राजिम। शहर के मैडम चौक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शास नवीन शाला के प्रधानपाठक गोपाल यादव ने ध्वजारोहण किया। इस गरिमामय समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। राष्ट्रध्वज फहराते ही पूरा चौक देशभक्ति के रंग में रंग गया।

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सशक्त, प्रेरणादायी और गरिमामय उदबोधन दिया। उन्होंने कहा कि ध्वज फहराना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को स्मरण करने का अवसर है। संध्या राव ने समाज में एकता, भाईचारे और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देते हुए कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है, जब हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने नगर विकास, स्वच्छता और सामाजिक समरसता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के साथ वातावरण पूरी तरह देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। स्थानीय नागरिकों ने नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के विचारों की सराहना करते हुए कार्यक्रम को प्रेरणास्पद बताया। बता दें कि मेन रोड में स्थित शहर के मैडम चौक को राष्ट्रीय पर्व के दौरान सेल्फी जोन के रूप में शानदार फोकस किया जाता है। जहां आने-जाने वाले सैकड़ों लोग सेल्फी फोटो खींचते है। प्रधानपाठक गोपाल यादव ने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है,हमारा संविधान हमें अधिकार देता है और कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। नियम और कानून किसी को डराने के लिए नहीं होते, वे समाज को सुरक्षित,अनुशासित और संगठित बनाने के लिए होते हैं। उन्होंने कहा, ट्रैफिक नियम हो,विद्यालय के नियम हो या देश के कानून का पालन करना हम सब की जिम्मेदारी है।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

रसेला। ग्राम दादरगाव नया में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिवार की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण और जनप्रतिनिधि ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात सभी स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इधर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक समूह नृत्य,एकल नृत्य एवं हास्य प्रसंग पर आधारित एकाकी प्रस्तुत कर दर्शकों के हृदय में देशप्रेम की भावना जागृत कर दी। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि सरपंच हेमलता ध्रुव, अध्यक्षता बृजलाल नेताम शाला समिति के अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में संस्था प्रमुख एम आर साहू, गेश्वर नेताम उपसरपंच, विशंभर नेताम,लकेश्वर, अशोक ठाकुर, तेजकुमार मरकाम सहित सभी ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच हेमलता ध्रुव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों सहित स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ कार्यक्रम का आनंद लेती देखी गई। इस आयोजन में सभी शिक्षकों ने अपने अपने सक्रिय सहभागिता रही।

खबर संक्षेप

आई टी आई तोरला के नतीजे शतप्रतिशत रहा

अभनपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) तोरला में राज्य व्यावसायिक परीक्षा सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। व्यवसाय कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) के कुल 36 प्रशिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें सभी प्रशिक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

संस्था के प्रधानाचार्य तिलक राम देवांगन ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षण अधिकारियों को बधाई देते हुए इसे निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि राज्य प्रशिक्षण अधिकारी हरिकेश राठौर के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त हुई है। परीक्षा परिणाम में नूतन साहू ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जीत कुमार ने 91.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा हेमलता पाल ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर का छात्रा नंदनी ने किया प्रतिनिधित्व

छुरा। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा की बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नंदनी साहू चयनित होकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह राज्य स्तरीय विशेष शिविर दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में 22 से 28 जनवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को योग, प्राणायाम,ध्यान, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, सामुदायिक सेवा, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। नंदनी साहू के चयन पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

गणतंत्र दिवस पर लक्ष्मी बाई ने फहराया तिरंगा

छुरा। गणतंत्र दिवस पर महिला मंडल छुरा ने गांधी मैदान में स्थित महिला मंडल भवन में ध्वजारोहण किया गया। छुरा महिलामंडल ने वीर शहिदों को नमन करते हुए रानी लक्ष्मी बाई को याद किया और नगर की वरिष्ठ महिला एवं महिला मंडल के जागरूक सदस्य लक्ष्मी बाई साहू को मुख्य अतिथि बनाया गया। सभी सदस्यों ने मां भारती की पूजा अर्चना की और पुष्प श्रीफल भेंट कर उर्जा के साथ नारे लगाये और लक्ष्मी बाई साहू को ध्वजारोहण के लिए आमंत्रित किया। लक्ष्मी बाई ने सम्मान और गर्व के साथ ध्वजारोहण किया। साथ ही सभी ने सावधान होकर राष्ट्रगान किया। तत्पश्चात महिलाओं ने देश समाज और नगर की निरंतर सेवा और विकास के लिए शपथ ली। मिष्ठान वितरण किया गया, इस आयोजन में मुख्यरूप से महिलामंडल के अध्यक्ष शुधा गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, सदस्यगण किरण शर्मा, श्रीमति त्रिवेदी, शीला त्रिपाठी हेमिन साहू, राजकुमारी सोनी, आरती गुप्ता, हेमा देवांगन, सपना कंसारी, सोनिया कोठारी, रश्मी गुप्ता, रमा अग्रवाल, संगिता गुप्ता, मीरा शर्मा, सुनिता गुप्ता, खिलेश्वरी टिकेश्वरी, एवं महिलामंडल के अन्य सदस्यों सहित बडी संख्या में बच्चे भी उपस्थित थे।

पूर्व विधायक के संगवारी कार्यालय में लहराया तिरंगा

नवापारा-राजिम। पूर्व विधायक संगवारी कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के उपस्थिति में नगर के वरिष्ठ पूर्व प्राचार्य डॉ. रमाकांत शर्मा ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू ,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह ,नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी ,ब्लॉक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद दीपाली राजपूत ,मंडल कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद अजय साहू ,मंडल कांग्रेस अध्यक्ष अजय कोचर ,,संतोष विश्वास ,अशोक गोलछा ,पार्षद अर्जुन साहू ,हेमंत साहनी ,रामरतन निषाद ,तरुण कंसारी ,टिकेश्वर गिलहरे ,फागू राम देवांगन ,राजा चावला ,निर्माण यादव ,मंगराज सोनकर ,मुरली राजपूत ,सुनील जैन ,रघुवीर निर्मलकर ,विजय तारक ,सुरेन्द्र साहू ,वीरेंद्र राजपूत ,प्रदीप साहू ,बल्लू देवांगन ,,राकेश सोनकर ,राजा ठाकुर ,,महेश साहू ,टीकम यादव ,गौतम निषाद ,दल्लू यादव ,अहमद रजा ,गोल्डी पारख ,,दाऊ राम साहू ,अशोक यादव ,विक्की साहू ,मानसिंह ध्रुव ,प्रतीक साहू ,भोला साहू ,समुंदर यादव ,लता कंसारी ,वीरू नागवानी ,बजरंगी कंसारी ,गुड्डू मिश्रा ,बल्लू साहू ,अतुल ठाकुर ,मुरली राजपूत ,चुम्मन साहू ,भागवत साहू ,ताराचंद साहू ,नीलकंठ साहू ,भारत गोस्वामी ,सुनील शर्मा ,निगम पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कचना धुरुवा कालेज में प्राचार्य साहू ने तिरंगे को दी सलामी

छुरा। कचना धुरुवा कालेज में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। प्रातः 6:30 बजे से ही रासेयो स्वयं सेवक छात्र- छात्राओं ने महाविद्यालय पहुंचकर तिरंगा ध्वजा स्थल पर रंगोली ,फूल आदि से सजाया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. डीके साहू ने तिरंगा ध्वज फहराकर सलामी दी। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम् व जय जवान,जय किसान के नारों से पूरा महाविद्यालय परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति, समस्त प्राध्यापकगण,कार्यालयीन स्टॉप एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शिक्षक संतोष कुमार और अनिल कुमार राज्यपाल के हाथों सम्मानित

मैनपुर। दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़, रमेन डेका द्वारा दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों– दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी एवं छत्तीसगढ़ के वीर का विधिवत विमोचन किया गया। इसी मंच से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई 3000 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी लोकार्पण किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी पहल का सशक्त उदाहरण है। इन ऑडियो बुक्स में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में सामान्य ज्ञान, हल्बी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं में अलग–अलग प्लेलिस्ट, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं तथा सहायता संसाधनों से संबंधित उपयोगी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। यह समस्त सामग्री वर्ल्ड ऑडियो बुक यूट्यूब चैनल पर एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने इस अभिनव और मानवीय पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि 'जिस प्रकार आप सभी शिक्षकों ने सामान्य पुस्तकों को ब्रेल में अनुवादित कर तथा ऑडियो बुक्स के माध्यम से – ष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वह वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि संवेदनशील सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन है।

शिक्षिका के. शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा पूर्व में संयुक्त रूप से ब्रेल पुस्तकें तैयार कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल विद्यालयों को 100–100 प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इस पुनीत कार्य में योगदान देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

गरियाबंद जिले से समीक्षा गायकवाड़, सेजेस राजिम, अनिल कुमार अवस्थी, शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय अमलीपदर एवं संतोष कुमार तारक शासकीय प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा मैनपुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस ऑडियो बुक निर्माण अभियान में 30 शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से के. शारदा, प्रीति शांडिल्य, ज्योति सराफ, शिव कुमार बंजारे, समीक्षा गायकवाड़, चंचला चन्द्रा, रश्मि वर्मा, सुशील पटेल, रिंकल बग्गा, कमलेश कुमार लांझे, हिम कल्याणी सिन्हा, ज्योति बनाफर, दीपा महार, महेन्द्र कुमार चन्द्रा, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, बिसेलाल गायकवाड़, अमरदीप भोगल, ब्रजेश्वरी रावटे, मंजू साहू, वर्षा जैन, बलराम नेताम, रजनी शर्मा, अनिल कुमार अवस्थी, परवीन दिवाकर, शांति सोनी, वीरेन्द्र कुमार, अमित कुमार उइके, लक्ष्मण बांधेकर एवं चानी ऐरी शामिल हैं।

प्राथमिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

कोपरा। शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा कोपरा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं सरस्वती माता की पूजा-वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान पाठक रेखलाल टांडे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत साहू (एसएमसी अध्यक्ष) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोवर्धन साहू, महेश साहू, भूपेंद्र कुमार सिन्हा, तथा विशेष अतिथि के रूप में पार्षद कौशल साहू एवं थनेश्वर साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमिला टोप्पो एवं मिथलेश भारती (शिक्षक) द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक विषयों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिनेश्वर साहू, लेखू साहू, वशु साहू, पुरानीक साहू, रेखन चक्रधारी, जलज साहू, सुमन तारक, दामिन चक्रधारी, राजेश्वरी तारक, वंदना तारक, पूर्णिमा साहू, पुष्पा साहू एवं लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन लेखराम साहू (शिक्षक) द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। संपूर्ण आयोजन उत्साहपूर्ण, प्रेरणादायक एवं उत्सववर्धक रहा।

खबर संक्षेप

सेंट जॉन स्कूल छुरा में गणतंत्र दिवस मना

छुरा। स्थानीय सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रातः निर्धारित समय पर ध्वजारोहण समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के निर्देशक जार्ज जेकब द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। राष्ट्रध्वज को सलामी देने के पश्चात समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इस दौरान उपस्थित जनों में राष्ट्रप्रेम एवं गौरव की अनुभूति देखी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत, नृत्य, समूहगान, वाद-विवाद एवं नाट्य प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतियों में स्वतंत्रता आंदोलन, संविधान निर्माण, लोकतांत्रिक व्यवस्था, राष्ट्रीय एकता तथा आधुनिक भारत की प्रगति जैसे विषयों को केंद्र में रखा गया। छात्रों की इन प्रस्तुतियों को उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सराहना की।

देवरी में गणतंत्र दिवस पर फहराया गया ध्वज

छुरा। माध्यमिक विद्यालय देवरी में गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ग्राम पंचायत के सभी गणमान्य नागरिक सरपंच पंच उपस्थित रहे। माध्यमिक विद्यालय का ध्वजारोहण प्रधान पाठक भारत लाल साहू द्वारा एवं प्राथमिक विद्यालय जनपद सदस्य मुगेशवरी अशोक ठाकुर, ग्राम पंचायत, तोरण दिलिप ठाकुर ग्राम के महिला जय मां शीतला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष खेमा बाई ने ध्वजारोहण किया। पूर्व उप सरपंच गौरी ठाकुर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भगवानी ठाकुर, दिलिप ठाकुर, जनता राम ग्रामपटेल,डायमंड दीवान, कुलेशवर ठाकुर, डोमन, अमरौतिन ठाकुर, सरस्वती ठाकुर आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, भारती दीवान , तनुजादीवान सभी शिक्षक फगेश सिह कंवर, बिरझु राम बंजारे, ललित कुमार वर्मा प्र.शा. प्रा पाठक नर्मदा ध्रुव,निरमिला ठाकुर सयुंक्त रुप से प्रा. शा. मा. शा. के बच्चों द्वारा गीत भाषण कविता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन फगेश सिह कंवर एवं निरमिला ठाकुर मेढम द्वाराकिया गया।

गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय कला मंच छत्तीसगढ़ द्वारा एक शाम, देश के नाम सांस्कृतिक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन शीतला मंदिर प्रांगण छुरा में किया गया, जिसमें छुरा नगर के शासकीय व निजी विद्यालयों के साथ ही आस-पास के विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी की छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की बारह मासी गीत पर अभिनय, साज- सज्जा, वेशभूषा व गीत के अनुरूप नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता दो समूहों में रखा गया था, जिसमें समूह अ में कक्षा 1 से 8वीं के प्रतिभागी बच्चों की प्रस्तुति व समूह ब में कक्षा 9 से 12 वीं तक के प्रतिभागी बच्चों ने प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में समूह अ में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें आयोजक सदस्यों के द्वारा प्रथम स्थान का मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब यह है कि पहली बार हरदी के बच्चों ने इस बड़े मंच में प्रस्तुति दिया व अपनी कला को निखारने का अवसर मिला। इस उपलब्धि पर आयोजक समिति अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों व सदस्यों, अतिथियों व निर्णायकों, शिक्षक -शिक्षिकाओं तथा ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच गोमती ध्रुव, उपसरपंच संघ के ब्लाक व जिला श्रमिक संघ के अध्यक्ष उपसरपंच रुपनाथ बंजारे, ग्राम पटेल संतराम कंवर,पंचगण व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चमन यादव व चम्पा बाई कंवर तथा ग्रामीणों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

साहित्यकार मिश्र ने किया ध्वजारोहण

अभनपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी प्रभात मिश्र ने अभनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। खारुन तट स्थित ग्राम खट्टी में ग्राम सुरक्षा समिति के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा ग्रामीण पुस्तकालय एवं ग्राम विकास शोध समाधान केंद्र खोरपा, भरेगाभाटा राखी चौक, ग्राम बेलर तथा कोलर बस स्टैंड चौक में भी उन्होंने झंडा फहराया। ग्राम बेलर में ग्रामीणों द्वारा प्रभात मिश्र का पारंपरिक रूप से धान की बाली भेंट कर सम्मान किया गया, जिसे उन्होंने किसान संस्कृति का प्रतीक बताया। इस अवसर पर प्रभात मिश्र ने कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान के मूल्यों और गांवों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे।

कमारपारा में सरपंच ने किया ध्वजारोहण

छुईहा बेलर। ग्राम छुईहा प्राथमिक पाठशाला कमार पारा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच ग्राम पंचायत छुईहा विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा थे।

इसके अलावा ग्राम छुईहा में हायर सेकंडरी स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, आजाद चौक, गांधी चौक, बस स्टैंड, ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य,

पूर्व प्राचार्य, प्रधान पाठक, शिक्षक, शिक्षिका, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इन सबकी उपस्थिति में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक विरासत की झलक एक साथ देखने को मिला। ध्वजारोहण स्थल पर राष्ट्रगान गाये गये। के पश्चात हाई स्कूल रंग मंच में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य सामाजिक जागरूकता, छत्तीसगढ़ी संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

छात्रों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को दी सलामी

छुरा। नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी स्कूलों और संस्थाओं में तिरंगा शान से फहराया गया। इसी तारतम्य में छुरा के परेड ग्राउंड में आयोजित गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत के वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। सलीम मेमन ने कहा कि अनेकता में एकता ही हमारे भारत की विशेषता है। हमारा संविधान हमें मौलिक अधिकार और सभी को समान रूप से जीने का अधिकार देता है और हमें भी अपने देश के प्रति उत्तरदायित्व निभाना चाहिए, हमारे लिए सबसे प्रथम देश है, बाकी चीजें बाद में इससे पहले इस बार नए कलेवर में गणतंत्र दिवस का समारोह मनाया गए। सभी स्कूल के बच्चों ने मार्च पास्ट करके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलीम मेमन को सलामी दी। उसके बाद बच्चों का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें देश के विविध रूपों को पेश किया गया, और सभी स्कूलों के बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने किया और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान रिजवी, सभापति भोले शंकर जायसवाल, चित्रेखा ध्रुव, बलराज पटेल, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव,

पार्षद हरीश यादव, देव सिंह नेताम, पंच राम टंडन, संगीता दीक्षित, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, यामीन खान, दीप्ति यादव थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया और आभार प्रदर्शन नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यमन देवांगन ने किया। इस प्रोग्राम में छुरा नगर के वरिष्ठ नागरिक, महिला मंडल की सदस्यगण, शिक्षक शिक्षिकाएं, और नगर पंचायत के कर्मचारी गण उपस्थिति थे।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत हुईं छात्रा प्रीति कमार

छुरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी विकासखंड छुरा जिला गरियाबंद में सत्र 2023-24 में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत रही आदिवासी छात्रा प्रीति कमार गणतंत्र दिवस के पूर्व 23 जनवरी को राजधानी रायपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्यपाल रमेन डेका के हाथों सम्मानित हुई। माता पिता गुरुजनों के साथ गांव का नाम किया रौशन।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाला पं दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यह पुरस्कार दिया जाता है कु. प्रीति कमार होनहार छात्रा थी जिन्हें हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में पीवीटीजी अर्थात विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ की प्रवीण्य

पं दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दी गई पुरस्कार राशि

सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है पुरस्कार स्वरुप शासन की ओर से प्रमाण पत्र के साथ रुपये 1.50 लाख की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य गोवर्धन लाल नायक व्याख्यातागण जे आर यादव विनोद कुमार वर्मा दीनदयाल टंडन योगेश सिंह ठाकुर प्रतिमा मानिकपुरी चम्पेश्वरी ध्रुव डागेश्वरी साहू मोनिका सिंह मनीषा भोई एकता तिवारी राकेश देवांगन संजीत निषाद पीटीआई फत्तेलाल साहू हर्ष परमार ठानेन्द्र साहू दीपक गायकवाड़ बुद्धिसागर सोन प्रवीण द्विवेदी चैनसिंग यादव पन्नालाल ध्रुव हेमंत चक्रधारी त्रिभुवन अग्निवंशी पूर्णिमा सोनवानी उमाशंकर साहू सर्वेश शर्मा सहित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गोविन्द यादव सहित समस्त पदाधिकारियों सदस्यों ने बधाई दी।

गणतंत्र दिवस पर शिक्षक हेमलाल मंत्री दयालदास बघेल के हाथों हुए सम्मानित

रसेला। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमी के समर्पित शिक्षक हेमलाल ध्रुव को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक नवाचार, विद्यालय विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय गरियाबंद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर भगवान सिंह उईके की उपस्थिति तथा प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की गरिमामयी मौजूदगी में शिक्षक हेमलाल ध्रुव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालय में नवाचार, सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमी एवं ग्राम पंचायत कोसमी की ओर से भी शिक्षक हेमलाल ध्रुव को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, ग्रामीणजनों एवं विद्यार्थियों ने तालियों की गूंज के साथ उनके योगदान की सराहना की।

गौरतलब है कि शिक्षक हेमलाल ध्रुव एक मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने वेतन से बचत कर लगभग ढाई लाख रुपये की राशि विद्यालय के विकास में खर्च की। उनके प्रयासों से ग्राम कोसमी का प्राथमिक विद्यालय आज एक स्मार्ट स्कूल के रूप में पहचान बना चुका है।विद्यालय में डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था, स्मार्ट कक्षाएं, आवश्यक शैक्षणिक संसाधन, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं विद्यार्थियों के लिए अनुकूल एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण विकसित किया गया है।

इन नवाचारों का सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की उपस्थिति, सीखने की रुचि एवं शैक्षणिक परिणामों पर देखने को मिल रहा है।शिक्षक हेमलाल ध्रुव का यह प्रयास न केवल छुरा विकासखंड बल्कि पूरे जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। उनके कार्यों ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, सेवा-भाव और सकारात्मक सोच से सीमित संसाधनों में भी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन संभव है।गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर मिले सम्मान ने क्षेत्र के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षक हेमलाल ध्रुव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों को नमन किया।

गणतंत्र दिवस छात्रों ने दी सांस्कृति और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

पाण्डुका। उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय में संस्था प्रमुख आर सी ध्रुव एवं धनेश्वरी मुरचुलिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात प्रभातफेरी निकाली गई। रैली ग्राम का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत पहुंची। ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण तेजकुंवर किशन कंडरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, ग्राम विकास समिति के सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने कला संस्कृति और देश भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रजनकटा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रजनकटा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा तथा देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्यअतिथि तेजकुवंर किशन कंडरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा एवं अध्यक्षता खेमेश्वरी साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, विशिष्ट अतिथि जगत राम साहू, उमाशंकर साहू, भगत राम साहू, गणेश राम साहू, किशन कंडरा, शैलेन्द्र साहू, भीखम निषाद, संतराम निर्मलकर, गणपत साहू, मोहन साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा द्वारा ग्राम के संभ्रांत नागरिकों का सम्मान मोमेंटो, एवं शाल-श्रीफल भेट कर किया गया। सेवा निवृत्त शिक्षक जगत राम साहू, उमाशंकर साहू, संतराम निर्मलकर का सम्मान शाल-श्रीफल भेंटकर किया गया।

हायर सेकंडरी के छात्रों ने वार्षिक उत्सव में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

मुड़ागांव(कोरासी)। हायर सेकण्डरी स्कूल रानीपरतेवा में गणतंत्र दिवस पर वार्षिक उत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति, उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य-जनपद पंचायत छुरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रसाद शांडिल्य अध्यक्ष-शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हायर सेकेण्डरी स्कूल ने की। विशेष अतिथियों के रुप में रमन नामदेव सांसद प्रतिनिधि, सोमन यदु अध्यक्ष -ग्राम सभा साधूराम निषाद ग्राम पटेल, चेतन सिन्हा अध्यक्ष-शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला व दुर्गा प्रजापति अध्यक्ष-शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय सतनामी पारा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर अतिथियों के पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत में स्कूलीय छात्राओं द्वारा

स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के स्कूलीय छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य,एकल नृत्य,नाटक, प्रहसन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें बच्चों की प्रतिभा , आत्मविश्वास एवं अनुशासन सराहनीय रहा।

प्राचार्य एम. आर.खान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं, शिक्षकों, समिति पदाधिकारियों, ग्राम प्रमुखों व कार्यालयीन कर्मचारियों की सहभागिता व सहयोग प्रशंसनीय था। कार्यक्रम का अंत बहुत ही रोचक, रोमांटिक व आकर्षक था जिसमें सभी अतिथियों सहित मुख्य अतिथि, स्कूलीय स्टाफ महिला एवं पुरुष, प्राचार्य,व छात्र छात्राएं खुशी से मंच पर ही एक साथ झूमकर नाचने लगे। तत्पश्चात सभी आगंतुकों का प्राचार्य द्वारा सहयोग व उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन द्वारिका प्रसाद साहू व्याख्याता व देवनारायण यदु शिक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

गर्भवती माताओं का सर्वाधिक प्रसव करने पर आरएचओ पूनम सिन्हा हुईं सम्मानित

गणतंत्र दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने रहीं, जिन्होंने समारोह में उपस्थित होकर स्वास्थ्य कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता कार्यक्रम (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स – एनक्यूएएस) प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विजेता बनने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में आरएमए आर.एस. चंद्रा, एनएमए दौवा राम चक्रधारी, नेत्र सहायक अधिकारी योगानंद चक्रधारी, सेक्टर सुपरवाइजर रमेश कुमार साहू, तेजन साहू, स्टाफ नर्स द्विज राम वर्मा, काजल साहू, फार्मासिस्ट सुषमा बिसेन, स्टाफ नर्स अनीता साहू,

आरएचओ पूनम सिन्हा, ड्रेसर उत्तम घोघरे, सहायक ग्रेड-03 शोभना पटेल, लक्ष्मण साहनी, माहेश्वरी नंदे, गिरीश साहू, आरएचओ दुलेश्वरी साहू, भारत भूषण वर्मा, उमेश साहू, विक्रम सिन्हा, भावेश साहू, राहुल दिवाकर, सुरेश घोघरे सहित अन्य स्टाफ शामिल रहे।

अपने संबोधन में डॉ. स्नेहलता हुमने ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, हरियाली और सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि यहां आने वाले मरीज अस्पताल के सकारात्मक वातावरण को देखकर मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करते हैं और डॉक्टरों के समर्पित उपचार से शीघ्र स्वस्थ हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

आरएचओ पूनम सिन्हा को उत्कृष्ट कार्य का पुनः सम्मान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में पदस्थ आरएचओ पूनम सिन्हा को कोपरा सेक्टर में लगातार दूसरी बार सर्वाधिक प्रसव एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।